

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

फिर ढा रही इन्टरनेट पर कहर ब्लैक...10



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

बुधवार, 09 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 319 पृष्ठ 10 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## जंग के माहौल में रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर, कहाः हम यूक्रेन संघर्ष का परिणाम देख रहे हैं



नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आज रूस के मॉस्को में मुलाकात की। मास्को में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा कि मेरा मानना ष्है कि यह 5वीं बार है, हम इस साल मिल रहे हैं और यह लंबी अवधि की साझेदारी और हम एक–दूसरे को जो महत्व देते हैं, उसकी बात करते हैं। इस वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए आज यहां मास्को में आकर मुझे वास्तव में खुशी हो रही है। हमारी सरकारों के बीच विभिन्न स्तरों पर मजबूत और निरंतर संपर्क रहे हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन हाल ही में इस सितंबर में समरकंद में मिले थे और हमारे रक्षा मंत्रियों ने एक–दूसरे से बात की थी।

एस जयशंकर ने कहा कि जहां तक द्विपक्षीय संबंधों की बात है, हमारा उद्देश्य एक समकालीन, संतुलित, परस्पर लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी के निर्माण का है। हमारी बैठक हमारे संबंधों का आकलन करने और वैश्विक परिस्थितियों पर एक दूसरे के नजरिये को समझने के लिए है। विभिन्न स्तरों पर हमारी सरकारों के मध्य मजबूत और सतत संपर्क हैं। जयशंकर ने कहा कि आज की हमारी बैठक हमारे द्विपक्षीय सहयोग की स्थिति का आकलन करने, अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर परिप्रेक्ष्य में आदान–प्रदान और हमारे संबंधित हितों के लिए इसका क्या अर्थ है, के लिए समर्पित है। हम चर्चा करेंगे कि हमारे साझा लक्ष्यों को सर्वोत्तम तरीके से कैसे प्राप्त किया जाता है। जयशंकर ने कहा कि हम अब यूक्रेन संघर्ष के परिणाम देख रहे हैं। आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन के अधिक बारहमासी मुद्दे भी हैं, दोनों का प्रगति और समृद्धि पर विघटनकारी प्रभाव पड़ता है। हमारी वार्ता समग्र वैश्विक स्थिति के साथ–साथ विशिष्ट क्षेत्रीय चिंताओं को भी संबोधित करेगी। भारत और रूस एक तेजी से बढ़ रहे बहुध्रुवीय और पुनर्संतुलित विश्व में एक दूसरे के साथ संलग्न हैं। हमारे बीच एक असाधारण स्थिर संबंध रहा है

## कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा पर सारे देश की तरह उत्त्तर प्रदेश में भी गंगा और अन्च्य पवित्र नदियों के घाटों पर मंगलवार को आस्ध्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्य्या में लोगों ने इस मौके पर गंगा में डुबकी लगाई और सुख–समृद्ध्दि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा पर तुलसी की पूजा और गंगा स्ध्नान करने का विशेष महत्व्व बताया गया है। इस मौके पर रुहेलखंड के सुप्रसिद्ध मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला जारी है। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मेला ककोड़ा में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी आदि से आधी रात तक श्रद्धालु निजी वाहन एवं रोडवेज, प्राइवेट बसों के जरिए मेला पहुंचते रहे। मेला पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां आयोजित सांस्कृतिक एवं लोक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। रात्रि में मेला रंगीन लाइटों से अनोखी छठा बिखेर रहा था। मुख्य्य दो स्नान घाट को भी सुंदर ढंग से सजाया गया था। ब्रह्ममुहूर्त से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद घाट किनारे बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए दान पुण्य कर रहे हैं।

## जी 20 के लोगो, थीम और वेबसाइट का पीएम मोदी ने किया अनावरण

### कहा– आजादी के अमृतकाल में देश के लिए ये गर्व की बात



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी–20 समूह की भारत की अध्यक्षता के शुभंकर और वेबसाइट का अनावरण किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में ये देश के लिए गर्व की बात है। लोगो के निर्माण में देशवासियों से सुझाव मांगे थेष वसुधैव कुटुबंकम की भावना लोगो में समाहित है। कुछ दिनों बाद 1 दिसंबर से भारत जी20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। आज इसी संदर्भ में इस समिट की लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया गया है। जी20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85: जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। बता दें कि भारत एक दिसंबर से इंडोनेशिया से जी–20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी–20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत देशभर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा। अगले साल होने वाला जी–20 शिखर सम्मेलन, भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाले शीर्ष स्तर के अंतररष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक होगा।

## PayPM ने 2–3 अरबपति दोस्तों के लिए की थी नोटबंदी, राहुल का मोदी पर तंज



नई दिल्ली। नोटबंदी के 6 साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता ने मंगलवार को नोटबंदी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 2–3 अरबपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया था था। उन्होंने अपने ट्वीट में पीएम मोदी पर तंज कसते हुए श्पेपीएमश लिखा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 500 और 1,000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर कर दिया था। इसको लेकर राहुल गांधी शुरू से ही हमलावर हैं। मंगलवार को उन्होंने अपने भाषणों का एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, ष्नोटबंदी श्ग्लच्डश द्वारा एक जानबूझकर उठाया गया कदम था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके 2–3 अरबपति दोस्त छोटे और मध्यम व्यवसायों को खत्म करके भारत की अर्थव्यवस्था पर एकाधिकार कर लें।ष भारत में हुई नोटबंदी की छठी वर्षगांठ है। इस फैसले का मुख्य मकसद डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और काले धन पर अंकुश लगाना तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को खत्म करना था। हालांकि विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार द्वारा 2016 में की गई नोटबंदी को ष्आर्थिक नरसंहार और आपराधिक कृत्यष करार दिया है। कांग्रेस ने नोटबंदी पर ष्श्वेत पत्र ष लाने की मांग कीः कांग्रेस ने नोटबंदी के छह साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के इस कदम के बाद चलन में नकदी 72 प्रतिशत बढ़ गई और ऐसे में सरकार को इस पर श्श्वेत पत्रश लाना चाहिए।

पार्टी नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नोटबंदी रूपी इस भयावह विफलता को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ष्8 नवंबर 2016 का दिन सबको याद होगा। आज भारत की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के फैसले की छठी बरसी है। नोटबंदी के 50 दिन के बाद आज तक सरकार ने नोटबंदी का नाम तक नहीं लिया है।

## भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट लॉन्चिंग को तैयार, नए युग की होगी शुरुआत



नई दिल्ली। भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट विक्रम–एस 12 नवंबर से 16 नवंबर के बीच लॉन्च के लिए तैयार है। हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्काईरूट एयरोस्पेस का पहला मिशन, जिसका नाम श्प्रारंभश है, तीन लोगों को ले जाएगा। इसे श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लॉन्चपैड से लॉन्च किया जाएगा। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ और सह–संस्थापक पवन कुमार चंदना ने कहा, ष्अधिकारियों ने 12 नवंबर से 16 नवंबर के बीच लॉन्च विंडो को नोटिफाई किया है। मौसम की स्थिति के आधार पर अंतिम तारीख तय की जाएगी। इस मिशन के साथ ही, स्काईरूट एयरोस्पेस भारत की पहली प्राइवेट कंपनी बन जाएगी जिसने अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च किया हो। इसे एक नए युग की भी शुरुआत माना जा रहा है और इसे साल 2020 में प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला गया था। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ नागा भरत डाका ने कहा, ष्विक्रम–एस रॉकेट एक सिंगल–स्टेज सब–ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है जो तीन लोगों को ले जाएगा और अंतरिक्ष लॉन्च वाहनों की विक्रम श्रृंखला में अधिकांश तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने में मदद करेगा।

## हाईकोर्ट से भाजपा को झटका, तेलंगाना पुलिस जारी रख सकती है विधायकों की खरीद फरोख्त की जांच



हैदराबाद। तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी द्वारा भाजपा पर लगाए गए विधायकों की खरीद–फरोख्त के आरोपों की जांच अब पुलिस करेगी। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इसकी अनुमति दे दी। यानी अब तेलंगाना पुलिस मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी टीआरएस के आरोपों की जांच जारी रख सकती है। पार्टी ने आरोप लगाया था कि उनके चार विधायकों से पाला बदलने के लिए संपर्क किया गया था। बता दें कि इससे पहले भाजपा ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी ष्तटस्थष एजेंसी से इस मामले की जांच कराने की मांग की थी। जिसके बाद अदालत ने भाजपा की याचिका पर सुनवाई लंबित रहने तक राज्य पुलिस की जांच पर रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने पुलिस जांच पर लगी रोक हटा दी है। अदालत ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार को 18 नवंबर को निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर भाजपा की चिंताओं का जवाब देने के लिए नोटिस भी जारी किया है। के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने हाल ही में 2024 में आम चुनाव से पहले एक व्यापक राष्ट्रीय अपील की उम्मीद में टीआरएस का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया था।

## झाड़ फूंक के नाम पर तांत्रिक ने युवती के साथ की दरिंदगी, युवती की हालत गंभीर

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच में झाड़ फूंक करने के नाम पर तांत्रिक द्वारा युवती का रेप करने का मामला सामने आया है। युवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। आरोप है कि मामला दबाने के कारण उसे बहराइच से लखनऊ रेफर करा दिया गया है। वहीं मंगलवार को जब ये मामला तूल पकड़ा तो पुलिस ने तांत्रिक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। ये मामला देहात कोतवाली क्षेत्र का है। चीनी मिल में फोर मैन के पद पर तैनात एक व्यक्ति एक साल पहले रिटायर हुआ। जिसके बाद वह परिवार सहित किराए के मकान में रहने लगे। बाजार में ही लाल महाराज उर्फ राम प्रकाश पाठक तांत्रिका का काम करता है। रिटायर्ड फोरमेन की 26 साल की बेटी लंबे समय से बीमार थी। कुछ लोगों के कहने पर युवती तांत्रिक के पास झाड़फूंक करवाती थी। सोमवार को भी तांत्रिक के कहने पर युवती उसे पाक गयी। इसके बाद तांत्रिक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब देर तक युवती घर नहीं आयी तो खोजबीन की। युवती की हालात गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों के मुताबिक युवती के आंतरिक हिस्सों पर चोट लगी है। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।




## फिर मिला नोटों का पहाड़, कांग्रेस के 2 विधायकों पर छापेमारी में कालेधन का खजाना



नई दिल्ली। झारखंड कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों समेत कुछ कारोबारियों पर छापेमारी के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 100 करोड़ से अधिक के बेनामी लेनदेन और निवेशों का पता लगाया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 4 नवंबर को झारखंड के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाईबासा, बिहार के पटना, हरियाणा के गुरुग्राम, पश्चिम बंगाल के कोलकाता समेत 50 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने छापे के दौरान 2 करोड़ रुपए की नकदी भी बरामद की, जिन्हें गिनने के लिए मशीनों का सहारा लिया गया।

इनकम टैक्स ने कांग्रेस के दो विधायकों के ठिकानों पर तलाशी ली थी, जिनकी पहचान अधिकारियों ने कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के रूप में बताया। बेरमो सीट से विधायक जयमंगल ने भी रांची में आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए ऐक्शन की पुष्टि की और कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। जेवीएम–पी से अलग होकर प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस अभी जेएमएम के साथ सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा है, जिसकी अगुआई हेमंत सोरेन कर रहे हैं। सीबीडीटी ने बयान में कहा है कि यह ऐक्शन कुछ कारोबारी समूहों के खिलाफ लिया गया था जो लौह अयस्क के खनन, लोहे के उत्पादन, कोयले के व्यापार, ढुलाई और ठेकेदारी से जुड़े हुए हैं। सीबीडीटी ने कहा कि जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई उनमें दो राजनीति से संबंधित और उनके सहयोगी हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लिए नीति बनाने वाली संस्था है।

सीबीडीटी ने कहा कि 2 करोड़ रुपए से अधिक कैश की बरामदगी भी की गई है और अभी तक 100 करोड़ से अधिक की बेनामी लेनदेनधनिवेश का पता लगाया गया है। छापेमारी में बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल सबूत भी मिले हैं। सीबीडीटी ने कहा, श्इन सबूतों के प्राथमिक विश्लेषण से पता चलता है कि इन समूहों ने टैक्स चोरी के लिए कई तरह के रास्ते अपनाए। जयमंगल ने अगस्त में अपनी पार्टी के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि वे झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं।

## अचेतावस्था में कमरे में मिलीं प्रधानाचार्य की पत्नी, हमले की आशंका

लार। नगर के स्वामी देवानंद इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर स्थित आवास के कमरे में प्रधानाचार्य की पत्नी अचेतावस्था में मिलीं। उनके सिर से रक्तस्राव हो रहा था। कमरे में रखा गया सामान फर्श पर बिखरा मिला। आनन–फानन उन्हें सीएचसी लार पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई। नगर के स्वामी देवानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मठ लार के प्रधानाचार्य शत्रुघ्न तिवारी पत्नी निर्मला तिवारी के साथ कॉलेज परिसर में मिले आवास में रहते हैं। रोज की तरह भोजन कर वह विद्यालय चले गए। छुट्टी के बाद लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने पत्नी को आवाज देकर दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन अंदर से पत्नी की आवाज नहीं आई। इस पर उन्होंने बगल की खिड़की से देखा तो पत्नी अचेतावस्था में फर्श पर पड़ी हुई थीं। आनन–फानन दरवाजे की कुंडी तोड़ उन्हें बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर मय फोर्स पहुंचे एसओ नवीन चौधरी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पड़ोसियों से घटना के बारे में पूछताछ की। प्रधानाचार्य ने घटना से संबंधित तहरीर नहीं दी है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में महराजगंज फिर अव्वल

महराजगंज। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के शिकायतों के निस्तारण में जिले को एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। अक्तूबर माह में बेहतर ढंग से शिकायतों के निस्तारण पर जिले को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इससे पूर्व अगस्त माह में भी जिले ने पहला स्थान प्राप्त किया था। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को देखते हुए शासन की ओर से जिले की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान दिवस, पोर्टल समेत अन्य माध्यमों से आने वाली शिकायतों को इसमें शामिल करते हुए उसके निस्तारण की स्थिति के आधार पर जिले की प्रगति देखी जाती है। गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ किए गए निस्तारण को देखते हुए उनकी रैंकिंग निर्धारित की जाती है। तीन महीने (अगस्त से अक्तूबर 2022) में दो बार प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों में प्रसन्नता है। सितंबर में नौवें स्थान पर था जिला अगस्त में पहला स्थान प्राप्त करने के बाद सितंबर में जिला नौवें स्थान पर था। आठ स्थान की छलांग लगाते हुए फिर अक्तूबर में पहले पायदान पर पहुंच गया।

## तीन का मानदेय रोका, बीआरसी के कर्मियों का वेतन बाधित

महराजगंज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने धानी व फरेंदा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों व बीआरसी धानी का निरीक्षण किया। विद्यालय में अनुपस्थित पाए जाने पर दो अनुदेशक व एक शिक्षामित्र का मानदेय रोका, वहीं बीआरसी धानी में किसी के अनुपस्थित न रहने पर सभी कर्मियों के वेतन व मानदेय को अगले आदेश तक रोक दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलसड़ के निरीक्षण के दौरान शिक्षामित्र प्रतिभा सिंह बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिलीं, जिस पर उनका एक दिन का मानदेय रोका गया। प्राथमिक विद्यालय धानी प्रथम में दो शिक्षक आकस्मिक अवकाश पर तथा शेष मौजूद पाए गए। बीआरसी धानी में सभी कर्मी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले, जिस पर सभी का वेतन व मानदेय अगले आदेश तक रोक दिया गया। फरेंदा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय महदेवा के निरीक्षण में अनुदेशक प्रवीण कुमार व सूर्य प्रसाद नागर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उनका भी एक दिन का मानदेय रोका गया। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी तत्परता के साथ शिक्षक कार्य को करना सुनिश्चित करें। बिना मान्यता संचालित मिले तीन निजी विद्यालय, नोटिस जारीः बीएसए के निरीक्षण में धानी क्षेत्र के सिकुड़ा बाजार में चलने वाला सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, धानी गांव में चलने वाला आरएसटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा धानी बाजार में चलने वाला लक्ष्मी मेमोरियल कांवेंट स्कूल बिना मान्यता के चलता मिला, जिस पर उनके संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

## युवा मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी सिद्धार्थनगर के जिला कार्यालय पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने के उपरांत सिद्धार्थनगर जनपद प्रथम आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा के पदाधिकारी गणों द्वारा बड़ी माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकास पांडेय, जिला महामंत्री प्रिंस गुप्ता, जिला शोध प्रमुख विपिन गौतम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडेय बॉबी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# मेडिकल कॉलेज में दाखिला के लिए आने वालों को नहीं पड़ेगा भटकना

## हेल्प डेस्क पर अभिभावकों व विद्यार्थियों को मिलेगा महर्षि देवरहा बाबा का प्रसाद

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों व उनके साथ आने वाले अभिभावकों की सहूलियत के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। इससे उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्य गेट पर स्वागत तथा अंदर एक फ्लैक्स लगाया जाएगा। वहीं, हेल्प डेस्क पर देवरहा बाबा के प्रसाद तथा प्रवेश के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रवेश के लिए टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा। आने वाले लोगों के बैठने के लिए भी पर्याप्त इंतजाम रहेंगे। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में सौ सीटें हैं। इसमें पंद्रह सीट आल इंडिया कोटे तथा 85 सीट प्रदेश के कोटे की है। आल इंडिया कोटे में मात्र एक दाखिला हुआ है, जबकि प्रदेश कोटे से प्रवेश नौ से 13 नवंबर तक चलेगा। इस बीच आल इंडिया कोटे के विद्यार्थियों का भी दाखिला होगा। इस बार व्यवस्था बदली नजर आएगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार सक्सेना के नेतृत्व में प्रवेश समिति ने कार्य योजना बनाई है। इससे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों की सहूलियत होगी। गेट के बाहर योगी आदित्यनाथ जी के सपनों का नगर देवरिया में आपका स्वागत है। महर्षि देवरहा बाबा के देवस्थान, मेडिकल में आगमन पर हार्दिक बधाई, अभिनंदन तथा नीट में सफलता के लिए अभिभावकों, छात्र एवं छात्राओं का कठिन परिश्रम के बाद स्वागत है, स्लोगन लिखा फ्लैक्स लगेगा। अंदर प्रवेश करने पर हेल्प यू का फ्लैक्स होगा। यहां हेल्प डेस्क पर कर्मचारी तैनात रहेंगे। यहां देवरहा बाबा के प्रसाद के रूप में बूंदी आने वालों को दी जाएगी। प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी दी जाएगी। डेस्क पर एलॉटमेंट लेटर दिखाना होगा। इसके बाद रजिस्टर में छात्र का नाम, पता, मोबाइल नंबर दर्ज होगा। फ्लो चार्ट भी रहेगा। इसके बाद प्रवेश फार्म के साथ टोकन उपलब्ध कराया जाएगा। लेक्चर हाल में अभिभावकों के लिए सोफा व छात्रों के लिए कुर्सी लगी रहेगी, जहां छात्र फार्म भरेंगे। इसके बाद एक बार में पांच विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यालय में प्रवेश समिति बुलाएगी। यहां विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र का सत्यापन, शुल्क की डीडी, प्रमाणपत्र की फोटो कापी जमा कराई जाएगी तथा एक काउंटर पर उनका ब्योरा अपलोड किया जाएगा। यहां अभिभावकों व विद्यार्थियों से फीडबैक भराया जाएगा। इसके लिए उन्हें एक फार्म दिया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थी का मेडिकल परीक्षण भी होगा।

मेडिकल परीक्षण के लिए विद्यार्थियों के साथ रहेंगे कर्मी

एमबीबीएस में प्रवेश के लिए आने वाले विद्यार्थियों के मेडिकल परीक्षण में आसानी के लिए समिति द्वारा कर्मचारी लगाए जाएंगे, जो उन्हें ओपीडी में चिकित्सक के कक्ष व जांच केंद्र तक पहुंचाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को भटकना न पड़े। विद्यार्थियों की आंख, एक्स–रे, ब्लड जांच व अन्य परीक्षण होगा।

प्रवेश समिति में ये हैं शामिल

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए एक समिति बनाई गई है। इसके नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार सक्सेना बनाए गए हैं। इसके अलावा समिति के सदस्य के रूप में डॉ. संजय भट्ट, डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. शिशिर, डॉ. मानवेंद्र, डॉ. सना नुसरत, प्रतीक, पीयूष व पवन शामिल हैं। समिति के सहयोग में वरिष्ठ सहायक अजीत पाल गौतम, मिनिस्ट्रियल एवं सेक्रेट्रियल कृष्ण गुप्ता, मल्टीपरपज जनरल विद्यासागर मिश्रा, धरमेश दुबे, सफाई कर्मी सुनील, रूदल रहेंगे।

## कैंसर और ब्रेन ट्यूमर पीड़ित बच्चों के लिए वरदान बना आयुष्मान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आयुष्मान भारत

- योजना के तहत निःशुल्क इलाज पाकर स्वस्थ हो गए बच्चे
- जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही योजना





योजना जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिले में इस योजना के तहत जहां इलाज कराने से एक बच्चे को ब्लड कैंसर से मुक्ति मिल गई वहीं दूसरे बच्चे के ब्रेन ट्यूमर का भी इलाज निःशुल्क किया गया। दोनों बच्चों को नया जीवन मिल चुका है। जिले के बांसी कस्बे के सर्राफा मार्केट निवासी महेश (15) ब्लड कैंसर से ग्रसित थे। पिता अवधेश बताते हैं कि वर्ष 2020 में बेटा 12 वर्ष का था। इस दौरान 20–20 दिनों तक बुखार, गले में सूजन और सैकड़ों की संख्या में छोटी–छोटी गिलटी निकलने लगी। अक्टूबर 2020 में गोरखपुर स्थित मेडिकल कॉलेज व निजी अस्पताल में ब्लड कैंसर की जांच कराया तो रिपोर्ट नार्मल आई। इसके बाद गोरखपुर में ही नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ से सपर्क किया तो नाक की हड्डी बढ़ध्ने की जानकारी देकर चिकित्सक ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। वह बताते हैं कि ऑपरेशन की सलाह पर लखनऊ के एक न्यूरो चिकित्सक से संपर्क किया। चिकित्सक ने कैंसर हास्पिटल भेज कर जांच कराई तो ब्लड कैंसर निकला। इस रिपोर्ट पर भरोसा नहीं हुआ और दोबारा एक अन्य हॉस्पिटल गये। वहां भी जांच में ब्लड कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद एक दोस्त ने वाराणसी के एक कैंसर अस्पताल में बेहतर इलाज होने की सलाह दिया। वहां चिकित्सकों ने नौ नवंबर 2020 को बेटे को तत्काल भर्ती करने की सलाह दी। अवधेश बताते हैं कि वह कपड़ा व्यवसायी की दुकान पर नौकरी करते हैं। वह योजना के लाभार्थी थे इसलिए उनके बेटे को करीब दो लाख का इलाज निरूशुल्क मिला। बेटा अब पूरी तरह स्वस्थ हो गया है।

### पीजीआई के चिकित्सकों ने दी नई जिंदगी

सिद्धार्थनगर। इटवा ब्लॉक के सेमरी खान कोट निवासी अजय गुप्ता का बेटा रोहन (11 माह) ब्रेन ट्यूमर की समस्या से ग्रसित था। जन्म के छह माह तक बच्चे की स्थिति पूरी तरह से ठीक थी। अचानक छह माह बाद दूध पीने पर बच्चा उल्टी करने लगा। सिर उम्र के सापेक्ष काफी बड़ा हो गया। आंखों के मूवमेंट ज्यादा होने लगा। मुंबई में रह रहे पिता अजय बच्चे को जच्चा–बच्चा केंद्र पर दिखाए लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद अस्पताल में दिखाया तो एमआरआई में चार सेंटीमीटर का ट्यूमर व सूजन की जानकारी हुई। मजबूरन अजय परिवार के साथ जुलाई अंतिम सप्ताह में घर लौट आए और लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्था (पीजीआई) में बच्चे को दिखाया। वहां भी चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। मुंबई में डिलीवरी ब्वाय अजय बताते हैं कि वह अंत्योदय कार्ड धारक हैं। उन्हें आयुष्मान योजना से निःशुल्क इलाज मिला। 26 सितंबर से 23 अक्टूबर तक बच्चे को लेकर पीजीआई में भर्ती रहे। एक माह भर्ती रहने के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया है। आयुष्मान भारत योजना पात्र लाभार्थियों के लिए वरदान है। इस योजना के तहत जिले में अब तक आठ हजार से अधिक लोगों ने लाभ उठाया है। आयुष्मान कार्ड धारक पूरे भारत में योजना से जुड़े अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करा सकते हैं। डॉ. वीएन चतुर्वेदी, नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत योजना)

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने गया बारह बर्षीय बालक नदी में डूबा, शव का पता नही



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला उपनगर के रामामऊ घाट पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से बारह बर्षीय बालक नदी में डूब गया। अगल बगल के लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन कही पता नही चला। घटना की सूचना पर परिजन व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुचे। खोजने का प्रयास जारी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव का पता नही चल पाया है। प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपुर निवासी रूदल चौधरी का बारह बर्षीय पुत्र रोशन घर से अपने साथियों के साथ सुबह नदी में स्नान करने के लिए गया था। लड़को के साथ नदी में स्नान कर रहा था कि अचानक उसका पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी मे चला गया। और नदी की धारा अपनी आगोश में ले लिया। अगल बगल के लोग बचाने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगा। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली। सूचना पाते ही कोतवाल गोला जयनारायण शुक्ला मय हमराही घटना स्थल पर पहुचे स्टीमर भी पहुची। शव के खोज जारी है समाचार लिखे जाने तक शव का पता नही चल पाया है। बताते चले कि रूदल चौधरी के पास तीन सन्तान है। रोशन सबसे बड़ा लड़का था। दो लड़कियां है। घटना से घर का चिराग बुझ गया। परिवार के लोगो का रो रो कर बुरी हालत बन गयी है।

## वाहन की चपेट में आए युवक की मौत

परतावल। नगर पंचायत परतावल में महराजगंज रोड पर बाइक एजेंसी के आगे एनएच 730 पर सुबह टहल रहा युवक घर के सामने ही एक वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अयूब अहमद (21) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि अयूब रोजाना सुबह टहलता था। वह एक सप्ताह पहले ही दिल्ली से घर आया था। पिता बेलाल अयूब का कुछ जरूरी कागजात उसके कॉलेज में जमा करने के लिए दिल्ली जा रहे थे। अभी रास्ते में सैफई के करीब पहुंचे थे कि बेटे की मौत की खबर मिल गई। परिजनों ने बताया कि वह घर आ रहे हैं। चौकी प्रभारी परतावल प्रिंस कुमार ने बताया कि यह घटना भोर 2रू30 बजे की है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने लकी ड्रा के 7 विजेताओं को सौंपी शानदार बलेनो कार की चाभी

पडरौना,कुशीनगर। रविवार को उत्तर भारत की अग्रणी ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स द्वारा विभिन्न शहरों में स्थित अपने प्रतिष्ठानों पर आयोजित लकी ड्रा के विजेताओं को शानदार बलेनो कार की चाभी सौंपी गई। 1 अक्टूबर से शुरू हुए ज्वेलरी फेस्टिवल सेल के दौरान प्रदेश के विभिन्न शहरों के इन भाग्यशाली विजेताओं ने खरीददारी कर लकी ड्रा कूपन्स प्राप्त किये थे। ज्वेलरी फेस्टिवल के दैरान प्रत्येक 50 हजार रुपये की खरीददारी पर एक लकी ड्रॉ कूपन दिया गया था।

इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के संरक्षक बालकृष्ण सराफ, डायरेक्टर्स अतुल सराफ, अनूप सराफ, वैभव सराफ और सौमित्र सराफ ने इस ग्रैंड ज्वेलरी सेल में खरीददारी करने वाले सभी ग्राहकों का इसे सफल आयोजन बनाने के लिए आभार प्रकट किया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के संरक्षक बालकृष्ण सराफ ने बताया, षपिछले 82 वर्षों से हम अपने सम्मानित ग्राहकों की सेवा करते आ रहे हैं। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स वर्ष 1940 में स्थापित हरि प्रसाद गोपी कृष्णा सराफ ग्रुप का आधुनिक रूप है। उत्तर प्रदेश और उसके आसपास नए जमाने के ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए समय के साथ हमने अपनी मौलिकता और मूल्यों को बरकरार रखते हुए बदलाव को अपनाया है। लकी ड्रा में कार जीतने वाले हमारे सभी सम्मानित ग्राहकों और विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। समय–समय पर इस तरह के आयोजन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स द्वारा होते रहते हैं और हमें अपने ग्राहकों का सहयोग मिलता रहता है।



अतुल सराफ ने कहा, ष्हम लकी ड्रा के विजेताओं को उनकी कार सौंपते हुए बेहद उत्साहित हैं और लकी ड्रा के विजेताओं गोरखपुर के पार्क रोड स्टोर से खरीदारी करने वाले पुनीत कुमार राय व घण्टाघर स्टोर से खरीददारी करने वाले अनीस मोहम्मद, पडरौना स्टोर से खरीददारी करने वाले सुवोध तिवारी, बस्ती स्टोर से खरीददारी करने वाले देवेश कुमार श्रीवास्तव, आजमगढ़ स्टोर से खरीददारी करने वाले मऊ जिले के घोसी कस्बे के निवासी हिमांशु, देवरिया स्टोर से खरीददारी करने वाली आकांक्षा श्रीवास्तव और बलिया स्टोर से खरीदारी करबे वाली अभिलाषा पांडेय को आज बलेनो कार की प्राप्ति पर शुभकामना देते हैं। इस ज्वेलरी फेस्टिवल सेल का आयोजन हमने अपने प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित हमारे स्टोर्स के ग्राहकों के लिए फेस्टिव सीजन को उत्साहजनक और रोमांचक बनाने के लिए किया गया था। जैसी आशा थी उसके अनुरूप इसमें ग्राहकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। हम आगे भी ऐसे ही आयोजन करते रहेंगे और हमें विश्वास है कि हमारे सम्मानित ग्राहक आगे भी हमें इसी तरह का सहयोग और समर्थन देते रहेंगे।ष

इस अवसर पर बोलते हुए ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के अनूप सराफ ने कहा, ष्ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स की सफलता में हमारे हर ग्राहक का अमूल्य योगदान है। हमारे सम्मानित ग्राहकों की वजह से ही ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स आज ज्वेलरी की दुनिया मे एक प्रतिष्ठित ब्रांड बन चुका है। हमारे लिए हमारे ग्राहक ही सर्वोपरि हैं और यही सदैव से ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स का मूलमंत्र रहा है। हम लकी ड्रा विजेता को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमारे ग्राहकों का यही स्नेह और समर्थन मिलता रहेगा।ष ज्वेलरी फेस्टिवल और लकी ड्रा सेल की सफलता पर वैभव सराफ ने कहा, ष्हमारे ग्राहकों की बदौलत ही ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स आज ज्वेलरी के बिजनेस में क्षितिज पर पहुंचा है और हमारे इस सफर में हर एक ग्राहक का बहुमूल्य योगदान है। ग्राहक सर्वोपरि ही ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स का मूलमंत्र है। लकी ड्रा विजेताओं को हम हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।ष इस अवसर पर सौमित्र सराफ ने कहा,ष्ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स का लक्ष्य हमेशा ईमानदारी और पारदर्शिता के माध्यम से अपने ग्राहकों का विश्वास अर्जित करना रहा है। यही कारण है कि ग्राहकों ने हमारे काम को सराहा है और उनकी बदौलत ही ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहा है। लकी ड्रा हमारे ग्राहकों के प्रति आभार प्रकट करने का माध्यम है, जिन्हें हम समय समय पर आयोजित करते रहते हैं।ष इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एण्ड ज्वेल्स देवरिया से संजय केडिया, बलिया से राहुल सर्राफ व अमित जौहरी, बस्ती से मनीष अग्रवाल, आजमगढ़ से अरुण रूंगटा, पडरौना से अभिषेक खेतान व उमंग खेतान की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।













# सांसद के नेतृत्व में जनपद आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**राजेश शर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश, सिद्धार्थनगर।** क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने के उपरांत सिद्धार्थनगर जनपद प्रथम आगमन पर पर धूमधाम से स्वागत एवं सम्मान का आयोजन।

# राकेश दत्त त्रिपाठी ने किया वरिष्ठ नेताओं को सम्मनित











राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष के संभावित प्रत्याशी राकेश दत्त त्रिपाठी ने मंगलवार को पकड़ी चौराहे पर क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने के उपरांत सिद्धार्थनगर जनपद प्रथम आगमन पर पर धूमधाम से स्वागत एवं सम्मान का आयोजन किया गया वैसे तो आपको बता दें कि जनपद में कई जगह पर स्वागत और सम्मान का आयोजन किया जा रहा था लेकिन जिस प्रकार से राकेश दत्त  त्रिपाठी ने स्वागत और सम्मान में फूलों की वर्षा किया वह सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं के दिलों में स्थापित होते दिखाई दिए वैसे देखा जाए तो काफी दिनों बाद नगरपालिका प्रत्याशी के तौर पर एक ब्राह्मण चेहरा आया है और वह विस्तारित क्षेत्रों में काफी पसंद किया जा रहा है सूत्रों की माने तो वरिष्ठ नेताओं में राकेश दत्त त्रिपाठी को लेकर काफी चर्चा है हो रहा है हो ना हो यही कारण है कि अभी तक नगर पालिका अध्यक्ष को लेकर भाजपा कार्यकारिणी प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है निश्चित रूप से युवाओं के आने से नगर पालिका क्षेत्र के विकास को काफी तेजी मिलेगी। कॉफी दिनो बाद सामान्य सीट होने का असार दिखायी दे रहा है। इस अवसर पर राकेश दत्त त्रिपाठी के हजारों समर्थक फूलों की वर्षा करते दिखाई दिए।

# पवन मिश्र को भेजा मानहानि का नोटिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।विधायक विनय वर्मा ने बीते दिनो से आक्रमक तेवर कर लिया है आप को बता दे की अपने कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रधान संगठन के धरने में विधायक विनय वर्मा पर अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव के माध्यम से प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ग्राम पंचायतों से 5 से 10 पवन मिश्र के विरुद्ध प्रतिशत कमीशन मांगने का मानहानि का नोटिस लगाया था आरोप भेजा है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र को भेजे गए नोटिस में विधायक विनय वर्मा के अधिवक्ता ने लिखा है कि विधायक विनय वर्मा की छवि एक कर्मठ व ईमानदार जनप्रतिनिधि की है, आपके द्वारा 30 सितंबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रधानो के एक कार्यक्रम में विधायक विनय वर्मा के विरुद्ध कांफ्रेंस करके कई आपत्ति जनक अपमान जनक आरोप लगाए है, जो पूरी तरह से तथ्य हॉन व निराधार है, प्रेस कांफ्रेंस में आपके द्वारा जान बुझकर विधायक विनय वर्मा की राजनैतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। सितंबर माह के अंत मे ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था, इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन




विनय वर्मा
विधायक
302 शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर
मो0-9818444806, 9818570220
No. 127967
जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर
(विनय वर्मा)
आवास- सरोजनी नगर, बी.एस.ए. कार्यालय के पीछे, तेतरी बाजार, जनपद-सिद्धार्थनगर-272207

## विधायक ने फर्म को फर्जी भुगतान का आरोप

सिद्धार्थनगर। एसएनबी विकास खण्ड शोहरतगढ़ में तैनात रहे पूर्व बीडीओ सतीश सिंह की साठ मिश्र ने धरने को संबोधित करते हुए शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा पर प्रधानो का उत्पीड़न करने व प्रति ग्राम पंचायतों से 5 से 10 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था। यह चेतावनी दिया था कि अगर ग्राम प्रधानों को न्याय नही मिला तो सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंप देगे। इस दौरान ग्राम गांठ से प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष की पत्नी ग्राम पंचायत लुचुइया की ग्राम प्रधान प्रतिभा मिश्र द्वारा क्षेत्रीय कार्यो का फर्जी भुगतान अपने ससुर की फर्म राजेन्द्र इंटर प्राइजेज पर करने का आरोप विधायक विनय वर्मा ने लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में विधायक विनय वर्मा ने लिखा है कि यह शासनादेश है कि कोई भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि चाहे वह प्रधान, विधायक या सांसद हो, वह अपने पारिवारिक सदस्य रिश्तेदारों को अपने क्षेत्रीय विकास के कार्यों में शामिल नही कर सकता, और न ही उनके नाम की फर्म को सरकारी भुगतान किया जा सकता है। विधायक विनय वर्मा ने जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विभागीय व कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है। प्रधानों ने विधायक विनय वर्मा के खिलाफ नारेबाजी भी किया था। आरोपो से आहत विधायक के अधिवक्ता ने प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र को मानहानि का नोटिस भेजकर एक सप्ताह के अंदर लगाए गए आपत्ति जनक आरोपो का साक्ष्यों सहित स्पस्टीकरण दे तथा यह भी जानकारी मांगा है कि आप किस ग्राम सभा के प्रधान है।

# बूढ़ी राप्ती नदी ककरही मेले में पहुँचे सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जोगिया विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत बूढी राप्ती नदी तट पर वर्षो से चले आ रहे बहुत ही ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेलें के ककरही मे निरीक्षण करने पहुचे सांसद जगदम्बिका पाल सांसद ने बताया कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा या गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है इस पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा इसलिए कहते हैं क्योंकि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था मान्यता के अनुसार, इस दिन विष्णु भगवान के मत्सयावतार का भी जन्म हुआ था और सांसद ने ये भी कहाँ की अगले वर्ष ककरही मेला 3 दिनों के लिए होगा। ककरही मेले को बृहद रूप देने के लिए सांसद जगडंबिका पाल ने मेले के भ्रमण के दौरान कहा जो क्षेत्र के स्थानीय दुकानदारो को सहूलियत एवं विकास को गति मिलेगा। इस दौरान प्रदीप कुमार यादव एसडीएम नौगढ़ देवी गुलाब सीओ बांसी, दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष, रवि जायसवाल सांसद प्रतिनिधि, दुर्गेश यदुवंशी विराट, कल्लू प्रधान, विनीत बाजपाई, मनोज चौबे, अमरिंदर पाल, विशाल सिंह, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# विधानसभा परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह का हुआ स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। तेतरी चौराहे पर भाजपा नेता रामेश्वर पांडेय ने विधानसभा परिषद सदस्य धर्मेंद्र पाण्डेय का स्वागत किया धर्मेंद्र पाण्डेय के प्रथम आगमन पर उसका बॉर्डर पर भाजपाइयों



द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किए वही प्रथम आगमन भारी संख्या में भीड़ भी देखने को मिली उसका बॉर्डर से लेकर पकड़ी तक जगह जगह स्वागत कर बधाई दिया गया। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्याम धनी राही, पूर्व विधायक सतीश दिवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने बॉर्डर पर पहुंच कर स्वागत की। इस दौरान रामेश्वर पांडेय, पवन पांडेय, राहुल पांडेय, जितेंद्र कुमार पांडेय, हेमंत जायसवाल, घनश्याम मिश्रा, सोमनाथ मिश्र, ज्ञानेश्वर पांडेय आदि लोग रहे मौजूद।

## सम्पादकीय

**लूला ने इस बार मध्यमार्गी दलों और कुछ ऐसी पार्टियों को भी अपने गठबंधन में शामिल किया, जिनका रुझान दक्षिणपंथ की तरफ है। चुनाव में ये रणनीति कामयाब रही। दरअसल, यह लूला की मजबूरी थी कि वे गठबंधन बनाने में व्यावहारिक नजरिया अपनाएं। बहुत से मतदाता इस बार वोट डालने के लिए किसी ...**

# ब्राजील में फिर लूला



लैटिन अमेरिका में कुछ वर्षों से चल रही वामपंथ की लहर अब ब्राजील में भी कामयाब हो गई है। इसके पहले अर्जेंटीना, कोलंबिया, पेरू, चिली, होंडूरास और मेक्सिको में भी वामपंथी नेता चुनाव जीत चुके हैं। ब्राजील के राष्ट्पपति चुनाव में लुइज इनेसियो लूला दा सिल्वा की जीत न सिर्फ इस देश, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत के लिए भी दूरगामी महत्त्व की है। हालांकि इस बार लूला ने मध्यमार्गी प्लैटफॉर्म पर चुनाव लड़ा, इसके बावजूद उनकी छवि एक बड़े वामपंथी नेता की है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जो बातें कहीं, उनसे भी इस बात का साफ संकेत मिला कि वे अपने नए कार्यकाल में पुराने दौर की नीतियों पर अमल जारी रखेंगे। इसके पहले लूला 2003 से 2010 तक ब्राजील के राष्ट्रपति थे। उस दौर को गरीबी और गैर–बराबरी में भारी गिरावट और कल्याणकारी योजनाओं के कई नए सफल प्रयोगों के लिए याद किया जाता है। इस बार उनकी जीत का महत्त्व यह भी है कि लैटिन अमेरिका में पिछले कुछ वर्षों से चल रही वामपंथ की लहर अब इस इलाके के सबसे बड़े देश में भी कामयाब हो गई है। इसके पहले अर्जेंटीना, कोलंबिया, पेरू, चिली, होंडूरास और मेक्सिको में भी वामपंथी नेता चुनाव जीत चुके हैं। लूला ने इन तमाम देशों को लेकर दक्षिण अमेरिका का अलग व्यापार क्षेत्र बनाने का संकल्प जताया है। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण अमेरिका के लिए अलग मुद्रा तैयार करने की योजना भी पेश की है, ताकि वहां बिना डॉलर पर निर्भर रहे कारोबार हो सके।

लूला की जीत से ब्रिक्स में भी एक नई ताकत आने की उम्मीद की जाएगी। लूला ब्राजील– रूस– भारत– चीन– दक्षिण अफ्रीका के इस मंच के संस्थापकों में एक थे। जिस समय ब्रिक्स के विस्तार की चर्चाएं तेज हैं, उस समय लूला के राष्ट्रपति बनने से इस मंच को नई दिशा मिलेगी। इस बीच लूला के सामने चुनौती देश के अंदर अपने गठबंधन सहयोगियों को साथ बनाए रखने की होगी। लूला ने इस बार मध्यमार्गी दलों और कुछ ऐसी पार्टियों को भी अपने गठबंधन में शामिल किया, जिनका रुझान दक्षिणपंथ की तरफ है। चुनाव में ये रणनीति कामयाब रही। दरअसल, यह लूला की मजबूरी थी कि वे गठबंधन बनाने में व्यावहारिक नजरिया अपनाएं। बहुत से मतदाता इस बार वोट डालने के लिए किसी उम्मीद की वजह से नहीं, बल्कि बोल्सोनारो से मुक्ति पाने के मकसद से गए। ये सब उनके साथ रहें, यही सुनिश्चित करना लूला की रणनीति थी।

# औरत–मर्द: बाहरी एकरूपता

वेद प्रताप वैदिक

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने मुखपृष्ठ पर एक खबर छापी है कि अमेरिका में कई आदमी अब औरतों का वेश धारण करने लगे हैं और औरतें तो पहले से ही वहां आदमियों की वेशभूषा पहनते रही हैं। उनका कहना है कि कपड़ों में भी औरत–मर्द का भेद क्या करना? वह जमाना लद गया जब औरतों के लिए खास तरह की वेशभूषा, जेवर और जूते–चप्पल पहनना अनिवार्य हुआ करता था। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। घूंघट और बुर्का लादना आवश्यक माना जाता था। हमारे संस्कृत नाटकों को देखें तो कालिदास और भवभूति जैसे महान लेखकों की रचनाओं में उनकी महिला पात्राएं संस्कृत में नहीं, प्राकृत में संवाद करती थीं। महिलाओं को पुरुषों के समान न हवन करने का अधिकार था और न ही जनेऊ धारण करने का! वेदपाठ करना तो उनके लिए असंभव ही था। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती की कृपा से भारतीय स्त्रियों को इन बंधनों से मुक्ति मिली लेकिन यूरोपीय इतिहास की लगभग एक हजार साल की अवधि को वहाँ अंधकार–युग कहा जाता है। उस युग में पोप लीला के कारण औरतों पर अत्याचार की हद हो रखी थी लेकिन अब इसी ईसाई यूरोप और अमेरिका में आधुनिकता की ऐसी लहर चली है कि आदमी लोग औरतों की तरह लंबे–लंबे बाल रखने लगे हैं, स्कर्ट ब्लाउज पहनने लगे हैं और उनके पारंपरिक जेवर भी अपने शरीर पर सजाने लगे हैं। इसे वे लिंग–भेद का निराकरण कहते हैं लेकिन वास्तव में औरत–औरत होती है और आदमी–आदमी।

हमारे यहां तो भाषा और व्याकरण में भी वह भेद प्रतिबिंबित होता है। उसे सिर्फ वेशभूषा बदलने से नहीं मिटाया जा सकता है। कई देशों में उनके पुरुष भी अपना अधोवस्त्र स्त्रियों–जैसा ही सदियों से पहनते आ रहे हैं। जब पहली बार अपने राष्ट्रपति भवन में भूटान नरेश से लगभग 30 साल पहले मेरी भेंट हुई तो मैं उन्हें स्कर्ट–जैसा अधोवस्त्र पहने देखकर दंग रह गया।

पचास साल पहले जब मैं लंदन में पढ़ता था तो मुझे स्काटलैंड के छात्रों को देखकर भ्रम हो जाया करता था, क्योंकि उनमें से कुछ स्कर्ट पहने रहते थे। दुनिया के दर्जनों देश हैं, जिनमें लोगों की वेशभूषा अपने तरह की अनूठी होती है। इसीलिए यदि अब अमेरिका की कुछ नामी–गिरामी कंपनियां ऐसी वेशभूषा बनाने लगी हैं, जो अब तक स्त्रियों की मानी जाती थीं, लेकिन अब उन्हें पुरुष भी पहनने लगे हैं तो इसमें बुराई क्या है? यह नर–नारी समता का नया युग शुरु हो रहा है। इसे हम ऊपरी या बाहरी एकरुपता कहें तो बेहतर होगा।

# कनाडा का मतलब और उसमें भारतीय

**जब उसी साल सितंबर माह में जहाज भारत पहुंचा तो कलकत्ता के तट पर पहुंचा तो वहां भी लोगों को उतारने की अनुमति नही दी गई। यूनियन उन्हें ट्रेन से जबरन पंजाब वापस भेजना चाहती थी। यह लोग जब जहाज से उतरने लगे तब उनमें व अंग्रेज पुलिस के बीच टकराव हुआ व पुलिस की गोलाबारी में 20 लोग मारे गए। जहाज लाने वाला गुरदीत सिंह लापता हो गया। कुछ सालों बाद उसने आत्म समर्पण...**

विवेक सक्सेना

मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

दोबारा कॉलम लिखना शुरु करने के लगभग एक सप्ताह बाद रात को मेरी नींद टूटी। मुझे एक पुरानी बात याद हो आई। मेरे एक संपादक ने मुझे एक बार कहा था कि जब भी तुम किसी स्थान विशेष का जिक्र करो तो उसके बारे में कुछ जरुर लिख देना। जैसे कि त्रिरूचिरापल्ली नाम के स्थान का जिक्र करते हुए यह जरुर बता देना कि वह कहां है और वहां कौन सी भाषा बोली जाती है। उनका कहना था कि आम पाठक को हर चीज के बारे में जानकारी नहीं होती है और न ही तो वह इस बारे में किसी से कुछ जानने की कोशिश करता है, शायद यही वजह है कि मैंने जीवन में कभी भी टाई पहनना नहीं सीखी और न ही मुझे रेलवे का टाइम टेबल देखना आता है।

अब तो खैर रेलवे ने टाइम टेबल ही छापना बंद कर दिया है। मुझे लगा कि मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

कुछ का आकार तो छोटे मोटे देशों से भी बड़ा है। यहां लोकतंत्र है व उसकी प्रमुख ब्रिटेन की महारानी होती है जो कि अपने द्वारा नियुक्त गर्वनर–जनरल के जरिए राज करती है। देश का सबसे बड़ा प्रशासक प्रधानमंत्री होता है। सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है। वहां 10 राज्य व तीन केंद्र शासित प्रदेश हैं। अंग्रेजी व फ्रेंच यहां की मुख्य भाषाएं हैं क्योंकि कभी अंग्रेज व फ्रांसीसी इस देश पर शासन कर चुके हैं। यहां की मुद्रा डालर व सेंट है। नोटों पर महारानी की तस्वीर छपी होती है। यहां के अपने निवासियों की जनसंख्या 3.8 करोड़ है व बाहर से आए लोगों में भारतीय लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है।

कनाडा एक बहुत साफ सुथरा प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर देश है जहां बहुत जबरदस्त हरियाली है। भारतीय लोगों में हिंदुओं व सिखों की आबादी करीब 10 लाख है जो कि यहां का महज पांच फीसदी हिस्सा है। वहां जनसंख्या काफी कम होने के कारण एशियाई देशों से बहुत बड़ी संख्या में युवा वहां पढने व नौकरी करने के लिए जाते हैं। हालात यह है कि 2019 के आम चुनाव में वहां भारतीय मूल के 20 सदस्य जीते थे व मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूडो ने उनकी मदद से अपनी सरकार बनायी व इनमें से एक सिख को उन्होंने अपना रक्षा मंत्री भी बनाया था।

यह देश प्राकृतिक संसाधनों से काफी संपन्न है। हां सोना, क्रोमियम, निकेल, कैडमियम से लेकर रेडियो एक्टिव धातुओं कोयले तक के विशाल भंडार वहां बड़ी तादाद में है। वहां गेहूं, अरंडी (कनोल) की भी खेती होती है। वहां बहुत बड़ी तादाद में हरियाली व ओक, चीड़ आदि के पेड़ बड़ी मात्रा में है। उसकी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है व अमीरी के लिहाज से वह दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है।

वहां आने वाला पहला भारतीय केसर सिंह था जो कि ब्रिटिश सेना के एक अधिकारी थे। शुरु में उनकी तरह आने वाले ज्यादातर भारतीय सिख ब्रिटिश सेना में विश्व युद्ध में काम कर चुके थे व उनकी मेहनत व स्वामीभक्ति से ब्रिटिश बहुत प्रभावित थे। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय पंजाब से थे जो कि यहां के लोगों की तुलना में कम मजदूरी पर यहां काम करने लगे और पैसा बचाकर अपने घरों को भेजने लगे ताकि उनके परिवार के लोग यहां आ सके। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय ब्रिटिश कोलंबिया से वेकूंवर शहर से सटे इलाके में बसे जो कि दिल्ली के तिलक नगर जैसे लगता है। वहां ये लोग यहां खेती करने का काम करते थे। मगर बाद में जापानी व चीनी लोगों के आने के बाद मजदूरी से लेकर अन्य बातों को लेकर उनमें आपस में टकराव पैदा होने लगा।

पहले सिख समेत सभी लोग भारत के हिंदू ही माने जाते थे। दाढ़ी रखने के कारण अंग्रेज उनसे नाराज होने लगे। उनको लगता था कि पगड़ी बांधने व दाढ़ी व मूंछ रखने वाले ये गंदे लोग होते हैं। उनका कनाडा में विरोध शुरु हो गया व वहां के एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि भारतीय कनाडा में बसने के लायक नहीं है। वहां की सरकार ने एक कानून बनाकर वहां आने वाले विदेशी खासतौर से भारतीयों को प्रतिबंधित करने की कोशिश की। इसके तहत उनके लिए अपने शहर देश से कनाडा तक की बिना रूके यात्रा करने व साथ कम से कम 200 डालर पैसा लाना जरुरी कर दिया गया। ताकि वे लोग अपने देश से कनाडा न आ सके। मगर 1905 में वहां पहला गुरुद्वारा स्थापित किया जा चुका था व गुरुद्वारों का कामकाज देखने के लिए चीफ खालसा दीवान की भी स्थापना हो चुकी थी।

# राहुल को भगवान न बनाएं!

**अभी उनकी एक उदार, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नेता की छवि है लेकिन कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी इस छवि को नुकसान कर सकती है। कांग्रेस लाख कोशिश कर ले तब भी वह राहुल की एक धार्मिक नेता वाली छवि नहीं बना सकती है और न कांग्रेस को धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी बनाया जा सकता है। उलटे इस प्रयास में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमापूंजी भी गंवा...**

अजीत द्विवेदी

राहुल गांधी जब से भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं तब से कांग्रेस के नेता उनको भगवान बनाने में लगे हैं। कांग्रेस की यात्रा को दक्षिण भारत के सभी राज्यों में अच्छा रिस्पांस मिला है। लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं और सोशल मीडिया के जरिए देश भर में भी इससे अच्छा मैसेज जा रहा है। एक नेता के तौर पर राहुल गांधी की छवि भी बेहतर हो रही है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनको भगवान बनाया जाने लगे। उनकी तुलना देश के महापुरुषों से भी हो रही है। महात्मा गांधी के दांडी मार्च से लेकर विनोबा भावे की भूदान यात्रा और चंद्रशेखर की भारत यात्रा तक से इसकी तुलना हो रही है। यह कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी दोनों के लिए अच्छी बात है। लेकिन कांग्रेस के नेता उनको भगवान बना कर या भगवानों से उनकी तुलना करके उनका और कांग्रेस दोनों का नुकसान कर रहे हैं। वे कांग्रेस को उस राजनीति की ओर ले जा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस बहुत अच्छी खिलाड़ी नहीं है।

पिछले दिनों कांग्रेस के कई नेताओं ने राहुल की तुलना अलग अलग भगवानों से की। मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने उनकी तुलना भगवान राम से की। इसके बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि श्र से राम और र से राहुल बनता हैय। उन्होंने राहुल को सीधे भगवान राम बना दिया। इस बीच राजस्थान सरकार के मंत्री परसादी लाल मीणा ने राहुल की यात्रा की तुलना भगवान राम की लंका से अयोध्या तक की यात्रा से की। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ कर कहा कि राहुल तो भगवान राम से भी लंबी यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा ने पिछले दिनों कहा कि राहुल शिरडी के साई बाबा की तरह हैं। कुछ दिन पहले तक राहुल को भगवानों का भक्त बताया जाता था। वे खुद को शिवभक्त कहते थे और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी उनको शिवभक्त बताया है। लेकिन अब भक्त की बजाय उनको सीधे भगवान बनाया जाना लगा है। असल में पिछले सात आठ साल में प्रचार के जरिए यह स्थापित किया गया है कि सेकुलर और लिबरल होना अच्छी बात नहीं है। सेकुलर और लिबरल होने का मतलब मुस्लिमपरस्त होना और देशविरोधी होना है। कांग्रेस इस नैरेटिव का शिकार हो गई है। तभी उसने कांग्रेस और राहुल गांधी की छवि बदलने के अनेक प्रयास किए। इसी प्रयास के तहत राहुल ने मानसरोवर से लेकर काशी विश्वनाथ तक की यात्रा की। अपने को जनेऊधारी और कौल ब्राह्मण बताया। कई जगह पूजा पाठ के लिए गए। लेकिन इसमें उनको ज्यादा कामयाबी नहीं मिली क्योंकि भाजपा और आम आदमी पार्टी पहले से इस स्पेस में राजनीति कर रहे थे और चाह कर भी कांग्रेस या राहुल गांधी ऐसी राजनीति नहीं कर सकते हैं। याद करें कैसे पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल ने अपने को सीधे कृष्ण का अवतार बता दिया। पहले वे अपने को हनुमानभक्त कहते थे और अब उन्होंने कहा है कि वे जन्माष्टमी को पैदा हुए थे और उनका जन्म कंसों का नाश करने के लिए हुआ है। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ कर यह सुझाव दे दिया है कि रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाई जाए। सोचें, क्या राहुल ऐसी राजनीति कर सकते हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उनकी पार्टी के नेता विष्णु भगवान का अवतार बताते हैं। सबने देखा कि कैसे अयोध्या में मंदिर के शिलान्यास के समय उनकी तस्वीर भगवान राम से भी बड़ी बनाई गई थी और वे भगवान राम की उंगली पकड़ कर मंदिर में ले जा रहे थे। इसके बाद इस साल उत्तर प्रदेश के चुनाव में यह गाना खूब बजा कि श्जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगेय। पिछले दिनों जब वे दिवाली मनाने अयोध्या पहुंचे तो सारे विज्ञापनों और कटआउट्स से भगवान राम ही गायब हो गए। हर जगह उनकी और भगवा पहने योगी आदित्यनाथ की फोटो लगी थी। इससे पहले भी भाजपा की बड़ी नेता उमा भारती ने पार्टी के शीर्ष तीन नेताओं– अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को ब्रह्मा, विष्णु, महेश बताया था। ऐसी राजनीति भाजपा पहले से करती रही है और अब आम आदमी पार्टी भी उसी राजनीति में उतर गई है। लेकिन इस तरह की राजनीति कभी भी कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप नहीं रही है। इसलिए पार्टी को ऐसी राजनीति से बचने की जरूरत है।



भाजपा ऐसी राजनीति में रातों रात चौंपियन नहीं बनी है। दशकों से वह ऐसी ही राजनीति कर रही है। धर्म, धार्मिक प्रतीक और देवी–देवताओं के नाम पर भाजपा ने राजनीति की है और सफलता भी हासिल की है। इसलिए आम जनता के बीच वह इस राजनीति के एकमात्र या सर्वोच्च प्रतिनिधि के तौर पर स्थापित हुई है। आम आदमी पार्टी भी शुरू से ही ऐसी राजनीति कर रही है। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद उसकी राजनीति का कोर तत्व रहा है।

अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के समय से ही अरविंद केजरीवाल की विचारधारा का यह पक्ष उजागर हो गया था। इसके बरक्स कांग्रेस पार्टी आजादी से पहले आजादी के महान मूल्यों और महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलती थी और आजादी के बाद संविधान के मूल्यों को अपनाया। यानी स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता, उदारता और मिश्रित समाजवाद की आर्थिक नीतियों को कांग्रेस ने अपनाया। कांग्रेस के हर नेता की छवि इन्हीं विचारों के ईर्द–गिर्द राजनीति करने से निखरी है। राहुल भी इन्हीं विचारों के प्रतिनिधि हैं और ध्यान रखें ये ही विचार हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद हैं। कांग्रेस कैसे इस बुनियाद को छोड़ सकती है? कांग्रेस हो या राहुल गांधी दोनों देश के महापुरुषों के साथ साथ महान धार्मिक चरित्रों से प्रेरणा ले सकते हैं। उनके आदर्शों को अपनाने की बात कर सकते हैं। लेकिन भगवानों से राहुल की तुलना करना या उनको भगवानों की तरह बताना कांग्रेस और राहुल दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अभी उनकी एक उदार, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नेता की छवि है लेकिन कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी इस छवि को नुकसान कर सकती है। कांग्रेस लाख कोशिश कर ले तब भी वह राहुल की एक धार्मिक नेता वाली छवि नहीं बना सकती है और न कांग्रेस को धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी बनाया जा सकता है। उलटे इस प्रयास में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमापूंजी भी गंवा सकती है। सो, कांग्रेस में बिल्कुल शीर्ष स्तर से यह संदेश सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया जाना चाहिए कि वे राहुल को भगवान न बनाएं और न कांग्रेस को देवी–देवताओं के नाम पर होने वाली राजनीति में घसीटें।



# कार्यालय जिलाधिकारी–सिद्धार्थनगर

उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग–1
संख्या–3311 / 9–1–2022–43 परि 0 / 22
लखनऊ दिनांक– 31 अक्टुबर, 2022

## अधिसूचना

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–2 संख्या 1916) की धारा 11 ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उक्त की उपधारा (2) के अधीन अधिसूचना संख्या–1707 / 09–1–2022–43 परि0 / 22, दिनांक 18 जुलाई, 2022 द्वारा गजट में प्रकाशित आदेश के अनुसरण में प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात नगर पंचायत कपिलवस्तु,जिला सिद्धार्थनगर के नगर नगर निकाय क्षेत्र को नीचे अनुसूची के स्तम्भ–2 में तथा उल्लिखित 16 वार्डो में विभाजित करते है। प्रत्येक वार्ड का विस्तार ऐसा होगा, जैसा उक्त अनुसूची के स्तम्भ –3 में उसके समक्ष उल्लिखित है।

## अनुसूची
## नगर पंचायत कपिलवस्तु , जिला-सिद्धार्थनगर

| वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | वार्ड का विस्तार |
|---|---|---|
| 01 | बाल्मीकि नगर | पुरब – सीमा ग्राम उॅजी से सीमा ग्राम शिवपुर चकमार्ग तक।<br>पश्चिम – कुल गाटा सं0 1071 से नेशनल हाइवें 28 बर्डपुर ककरहवां मार्ग।<br>उत्तर – चकमार्ग गाटा सं0 1667 से कुल गाटा सं0 1071 तक।<br>दक्षिण –नेशनल हाइवें 28 ककरहवां मार्ग से सीमा ग्राम उॅजी। |
| 02 | अम्बेडकर नगर | पुरब – सीमा ग्राम बर्डपुर नं009 व रामनरेश चौधरी की कृषि भूमि से ग्राम सीमा बर्डपुर नं0–9<br>पश्चिम – चकमार्ग गाटा सं0–715,504 व नाली 263 से बर्डपुर पल्टादेवी रोड।<br>उत्तर – ग्राम सीमा बर्डपुर नं0–9 से चकमार्ग गाटा सं90–715,504 व नाली 263 से चकमार्ग गाटा सं0–715,504 व नाली 263<br>दक्षिण –बर्डपुर पल्टादेवी रोड से सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09 |
| 03 | आर्य नगर | पुरब – सीमा ग्राम उॅची से सड़क गाटा सं0 2446।<br>पश्चिम – चकमार्ग ,चकनाली गाटा सं0 2071 से मेखड़ानाला गोसाईगंज।<br>उत्तर – सड़क गाटा सं0 2446 से चकमार्ग, चकनाली गाटा सं0–2071<br>दक्षिण –मेखड़ानाला गोसाईगंज से सीमा ग्राम उॅची। |
| 04 | गांधी नगर | पुरब – सीमा ग्राम पकड़िहवा व सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–9<br>पश्चिम – पी0डब्लू0डी़ बर्डपुर अलिगढवा मार्ग से गंगाराम की कृषि भूमि गाटा सं0–1524<br>उत्तर – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–7से पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर अलिगढवा मार्ग।<br>दक्षिण –चकमार्ग गाटा सं0–1532 व गंगाराम की कृषि भूमि गाटा सं0–1524 से सीमा ग्राम पकड़िहवा। |
| 05 | सरदार पटेल नगर | पुरब – पल्टादेवी रोड से चकमार्ग सं0–715 व नाली गाटा सं0–995।<br>पश्चिम – सरहद टीडी व सरहद चकईजोत।<br>उत्तर – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09।<br>दक्षिण –बर्डपुर से पल्टादेवी मार्ग। |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | शुद्धोधन नगर | पुरब – सीमा ग्राम रसूलपुर व खलीलपुर से सीमा ग्राम रसूलपुर।<br>पश्चिम –पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर अलिगढ़वां मार्ग व ग्राम सीमा बर्डपुर नं0–9 से ।<br>उत्तर – सीमा ग्राम रसूलपुर से पी0डब्लु0डी0 बर्डपुर अलिगढ़वा मार्ग।<br>दक्षिण –मेखड़ा नाला से सीमा ग्राम रसूलपुर। |
| 07 | अटल नगर | पुरब – पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर अलिगढ़वां मार्ग ।<br>पश्चिम –सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–8।<br>उत्तर – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–07 ।<br>दक्षिण –चकमार्ग गाटां सं0–320,गाआ सं0319,रामलाल,नंदराम आदि का कृषि भुमि। |
| 08 | आजाद नगर | पुरब – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09 से महदेईया चकमार्ग गाटा सं0 1265,1621।<br>पश्चिम –लेदवा व महजिदिया नहर 1948 से बर्डपुर से चिल्हियां मार्ग।<br>उत्तर – महदेईया चकमार्ग गाटां सं0–1265,1621 से लेदवा व महजिदिया नहर 1948।<br>दक्षिण –बर्डपुर से चिल्हिया मार्ग से सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09। |
| 09 | शास्त्री नगर | पुरब – ग्राम सीमा उॅजी से नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर ककरहवां मार्ग।<br>पश्चिम –नेशनल हाईवे बर्डपुर सिद्धार्थनगर मार्ग से मेखड़ा नाला।<br>उत्तर – नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर ककरहवां मार्ग से पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर सिद्धार्थनगर मार्ग।<br>दक्षिण –मेखड़ा नाला व चकमार्ग गाटा सं0–2071,2156 से मार्ग सीमा उॅजी। |
| 10 | सुभाष नगर | पुरब – मेखड़ा नाला व ग्राम सीमा बर्डपुर नं0–09।<br>पश्चिम –मरवटिया कुर्मी सरहद।<br>उत्तर – बर्डपुर से पल्टादेवी मार्ग।<br>दक्षिण –चकमार्ग गाटा सं0–2106,2107 |
| 11 | सरोजनी नगर | पुरब – नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर सिद्धार्थनगर मार्ग।<br>पश्चिम –नहर।<br>उत्तर – पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर चिल्हिया मार्ग।<br>दक्षिण –सड़क बर्डपुर नं0–12 आंशिक। |
| 12 | रामजानकी नगर | पुरब – पी0डब्लू0डी0 बर्डपुर अलिगढ़वां मार्ग।<br>पश्चिम –सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–08।<br>उत्तर – चकमार्ग व गाटा सं0319 नंदलाल ,रामलाल आदि की कृषि भूमि।<br>दक्षिण –चकमार्ग गाटा सं0– 954। |
| 13 | कृष्णा नगर | पुरब – मेखड़ा नाला सूर्यकुड़ियां<br>पश्चिम –नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर सिद्धार्थनगर मार्ग।<br>उत्तर – मेखड़ा नाला सोनबरसा सीमा।<br>दक्षिण –नेशनल हाईवे 28 सिद्धार्थनगर से गाटा सं0– 676 कुला। |
| 14 | पं0दीनदयाल नगर | पुरब – बसालतपुर ग्राम सीमा व नहर 1948।<br>पश्चिम –अलीदापुर ग्राम सीमा।<br>उत्तर – भावपुर चकमार्ग सेक्टर गाटा सं0 2106।<br>दक्षिण –बर्डपुर चिल्हिया मार्ग। |
| 15 | बुद्ध नगर | पुरब – चकनाली गाटा सं0–1071 से चकमार्ग गाटा सं0 954।<br>पश्चिम – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09 व मेखड़ा नाला से बर्डपुर से पल्टादेवी मार्ग व नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर ककरहवां मार्ग।<br>उत्तर – चकमार्ग गाटा सं0–954 से सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–09 व मेखड़ा नाला।<br>दक्षिण –बर्डपुर से पल्टादेवी मार्ग व नेशनल हाईवे 28 बर्डपुर ककरहवां मार्ग। |
| 16 | अग्रसेन नगर | पुरब – नेशनल हाईवे 28 नौगढ़ से ककरहवां मार्ग व बर्डपुर पल्टादेवी मार्ग।<br>पश्चिम – सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–08 व मेखड़ा नाला से पल्टादेवी मार्ग।<br>उत्तर – पल्टादेवी मार्ग से सीमा ग्राम बर्डपुर नं0–08।<br>दक्षिण –मेखड़ा नाला बनियाभारी से नेशनल हाईवे 28 नौगढ़ से ककरहवां मार्ग ।<br><br>(अमृत अभिजात)<br>प्रमुख सचिव<br><br>पत्रांक 1092/निकाय सहायक / 2022–23 दिनांक : 05.11.2022 |

# OFFICE OF DISTRICT MAGISTRATE
## SIDDHARTH NAGAR

### UTTAR PRADESH SHASAN NAGAR
### VIKAS ANUBHAG-1

In the pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No. 3311/9-1-2022-43 Pari/22, dated, October 31, 2022.

### NOTIFICATION
### No. 3311/9-1-2022-43Pari/22
### Lucknow; Dated: October31,2022

In exercise of the powers under section 11-B of the Uttar Pradesh Municipalities Act, 1916 (U.P. Act no. 2 of 1916), the Governor, after considering objections received in pursuance of the order published in the Gazette vide Notification No.1707/9-1-2022-43Pari/22, dated July 18, 2022 under sub-section (2) of the said section, is pleased to divide the Municipal Area of Nagar Panchayat Kapilvastu District Siddharthnagar into 16 wards as mentioned in column 2 of the Schedule below. The extent of every ward shall be such as mentioned against it in coloumn 3 of the said Schedule.

### SCHEDULE
### NAGAR PANCHAYAT KAPILVASTU,
### DISTRICT SIDDHARTHNAGAR

| WARD | Name of Ward | WARD EXPANSION |
|---|---|---|
| 01 | BALMIKI NAGAR | **EAST-** BORDER VILLAGE UNJI TO VILLAGE BORDER SHIVPUR UPTO CHAK MARG<br>**WEST-** KULA GATA NO.1071 TO NH. 28 BIRDPUR KAKARHAWA MARG.<br>**NORTH-** CHAKMARG GATA NO. 1667 TO KULA GATA NO. 1071.<br>**SOUTH-** NATIONAL HIGHWAY NH 28 KAKRAHWA MARG TO BORDER VILLAGE UNJI. |
| 02 | AMBEDKAR NAGAR | **EAST-** EAST-BORDER VILLAGE BIRDPUR NO.9 AND RAMNARESH CHAUDHARY AGRICULTURAL LAND TO BORDER VILLAGE BIRDPUR NO. 2<br>**WEST-** CHAKMARG GATA NO. 263 AND NALI 263 TO BIRDPUR PALTADEVI ROAD<br>**NORTH-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 9 TO CHAKMARG GATA NO.715, 504.<br>**SOUTH-** SOUTH-BIRDPUR TO PALTA DEVI ROAD. |
| 03 | AARYA NAGAR | **EAST-** BORDER OF VILLAGE UNJI.<br>**WEST-** GATA NO. 2071, DRIVEWAY AND DRAIN.<br>**NORTH-** GATA NO. 2446, ROAD.<br>**SOUTH-** MEKHADA NAALA GOSAIGANJ. |
| 04 | GANDHI NAGAR | **EAST-** BORDER OF VILLAGE PAKDIHAWA.<br>**WEST-** PWD ROAD BIRDPUR TO ALIGARHWA.<br>**NORTH-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 7 .<br>**SOUTH-** GATA NO. 1532 DRIVEWAY AND GATA NO. 1524 AGRICULTURAL LAND OF GANGARAM.. |
| 05 | SARDAR PATEL NAGAR | **EAST-** PALTA DEVI ROAD TO NAGAR DRIVEWAY 715 AND GATA NO. 995 DRAIN.<br>**WEST-** BORDER OF TIDI & CHAKAUJOT.<br>**NORTH-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 9 .<br>**SOUTH-** BIRDPUR TO PALTA DEVI ROAD. |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | SHUDDHODANAN NAGAR | **EAST-** BORDER OF VILLAGE RASOOLPUR AND KHALILPUR.<br>**WEST-** PWD ROAD BIRDPUR TO ALIGARWA AND BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 9.<br>**NORTH-** BORDER OF VILLAGE RASOOLPUR.<br>**SOUTH-** MEKHADA NAALA . |
| 07 | ATAL NAGAR | **EAST-** PWD ROAD BIRDPUR TO ALIGARWA.<br>**WEST-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 8.<br>**NORTH-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 7.<br>**SOUTH-** GATA NO. 320 DRIVEWAY AND GATA NO. 319 AGRICULTURAL LAND RAMLAL, NANDLAL ETC. |
| 08 | AZAD NAGAR | **EAST-** BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 9.<br>**WEST-** LEDWA AND MAHJIDIYA CANNAL 1948.<br>**NORTH-** GATA NO. 1265,1621 DRIVEWAY MAHDEYIAN.<br>**SOUTH-** BIRDPUR TO CHILHIYA ROAD . |
| 09 | SHASTRI NAGAR | **EAST-** BORDER OF VILLAGE UNJI.<br>**WEST-** NH 28 BIRDPUR SIDDHARTH NAGAR ROAD<br>**NORTH-** NH 28 BIRDPUR TO KAKRAWAHA .<br>**SOUTH-** MEKHADA NAALA AND DRIVEWAY GATA NO. 2071, 2156. |
| 10 | SUBHASH NAGAR | **EAST-** MEKHADA NAALA AND BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO.9<br>**WEST-** BORDER OF MARWATIYA,KURMI.<br>**NORTH-** BIRDPUR TO PALTA DEVI ROAD.<br>**SOUTH-** GATA NO. 2106,2107 DRIVEWAY. |
| 11 | SAROJANI NAGAR | **EAST-** NATIONAL HIGHWAY 28 BIRDPUR TO SIDDHARTHNAGAR MARG.<br>**WEST-**CANAL.<br>**NORTH-** PWD ROAD BIRD TO CHILHIYA MARG.<br>**SOUTH-** ROAD BIRDPUR NO. 12 (PARTIAL) |
| 12 | RAMJANKI NAGAR | **EAST-** PWD ROAD BIRDPUR TO ALIGARHAWA MARG<br>**WEST-**BORDER OF VILLAGE BIRDPUR NO. 8 .<br>**NORTH-** CHAK MARG AND GATA NO.319) AGRICULTURAL LAND OF RAMLAL, NANDLAL ETC.<br>**SOUTH-** GATA NO. 954 DRIVEWAY. |
| 13 | KRISHNA NAGAR | **EAST-**MEKHADA NAALA SURYAKUDIYA<br>**WEST-**NH 28 BIRDPUR TO SIDDHARTHNAGR MARG.<br>**NORTH-** MEKHADA NALA SONBARSHA BORDER.<br>**SOUTH-** NH 28 SIDDHARTH NAGR TO GATA NO. 676 (KULA). |
| 14 | PANDIT DEENDAYAL NAGAR | **EAST-**BORDER OF VILLAGE BASALATPUR CANAL 1948.<br>**WEST-**BORDER OF VILLAGE ALIDAPUR.<br>**NORTH-** BHAVPUR SECTOR GATA NO.2106.<br>**SOUTH-** BIRDPUR TO CHILHIYA ROAD. |
| 15 | BUDDHA NAGAR | **EAST-**CHAK NALI GATA NO. 1071 TO CHAKMARG GATA NO. 954<br>**WEST-**BORDER VILLAGE BIRDPUR NO. 9 AND MEKHADA NAALA TO BIRDPUR TO PALTADEVI MARG & N.H. 28 BIRDPUR KAKRAHAWA MARG.<br>**NORTH-** CHAKMARG GATA NO. 954 TO BORDER VILLAGE BIRDPUR NO. 9 AND MEKHADA NAALA.<br>**SOUTH-** BIRDPUR TO PALTA DEVI ROAD AND NH 28 BIRDPUR TO KAKRAHAWA. |
| 16 | AGRASEN NAGAR | **EAST-**N.H. 28 NAUGARH TO KAKRAWAHA MARG AND BIRDPUR PALTA DEVI MARG.<br>**WEST-**BORDER VILLAGE BIRDPUR NO. 8 AND MEKHADA NAALA TO PALTA DEVI MARG.<br>**NORTH-** PALTA DEVI MARG TO BORDER VILLAGE BIRDPUR NO. 8.<br>**SOUTH-**MEKHDA NAALA BANIYABHARI TO NATIONAL HIGHWAY 28 NAUGARH TO KAKARAHA MARG<br>**(AMRIT ABHIJAT)**<br>PRINCIPAL SECRETRY |

# देव दीपावली पर 11 हजार दीपों से जगमगाया घाट,भक्तिमय रहा माहौल

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व (देव दीपावली) पर देव दीपावली आयोजन समिति द्वारा ओबरा नगर के सेक्टर 8 स्थित आरती चित्र मन्दिर ग्राउंड पर धूमधाम से मनायी गई। ग्राउंड में छठ तट पर भव्य पूजन अर्चन कर सिंगार किया गया तत्पश्चात पूरे प्रांगण कार्यक्रम स्थल व घाट को फुल मालाओं से सजाया गया। स्थानीय कई विद्यालयो व कई ग्रुपों की बालिकाओं ने अपने अपने कला प्रतिभा से पूरे कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बना कर एक अलग ही मनमोहक दृश्य दिया। जिसमे स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर, भारत माता, अयोध्या मन्दिर पर बनी रंगोली अलौकिक संदेश देते नजर आए।कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिए बालिकाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। शाम होते ही आरती चित्र मन्दिर ग्राउंड में रंगोली बने स्थानों पर व पूरे ग्राउंड में 11 हजार दीपो से दिए जलाकर काशी से पधारे विद्ववान आचार्यो द्वारा विधि विधान से महाआरती पूजन अर्चन के साथ पुष्पा वर्षा व आतिशबाजी भी की गई। जिससे ऐसा दृश्य देख लोग भावविभोर हो गए जैसे देवलोक से देवता स्वयं जमी पर उतर आए हो। ग्राउंड के चारो तरफ लाइट व जलते दिए के सजावट देखने ही बन रहा था। देव दीपावली समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ से आई टी सीरीज की लोकप्रिय गायिका मोहिनी द्विवेदी व वाराणसी से चलकर आये पुनीत पागल द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही प्रयागराज से आये भव्य राधे कृष्ण, शंकर पार्वती के मनमोहक झांकियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह व संयोजक विपुल शुक्ला ने सकुशल कार्यक्रम समापन होने पर सीमित के सभी सदस्यों व गणमान्यों का इस सफल भव्य आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित दिया।इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, कथा वाचक दिलीप भारद्वाज, समिति संरक्षक राजेन्द्र जिंदल,एड0 एस के चौबे, मनोज सोनकर, जिला कार्यालय मंत्री भाजपा विशाल गुप्ता, समाजसेवी रमेश कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंजना सिंह, बीएमएस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशीकांत श्रीवास्तव, बाबी सिंह, सतेंदर सिंह, देवेंद्र केशरी, विनोद केशरी, मुकेश बंसल, एड0 पुष्पराज भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, नीरज भाटिया, कृष्णा गुप्ता, संतोष सिंह, राहुल गुप्ता, विष्णुदेव झा, अभिषेक अग्रहरि, सौरभ सिंह, कुमार सौरभ, प्रदीप कन्नौजिया, बृजेश शर्मा, सूरज मिश्रा सहित समस्त एबीवीपी के कार्यक्रम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकट मोचन झा ने किया।



**■ वाराणसी से आये आचार्यो ने की महाआरती, हुई पुष्प वर्षा व आतिशबाजी**

**■ टी सीरीज की चर्चित गायिका मोहिनी द्विवेदी व वाराणसी से आये पुनीत पागल की प्रस्तुति ने बांधा समा**

## मेडिकल की नकल विहीन परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिये दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मेडिकल की होने वाली परीक्षाओं के अंतर्गत, होने वाली परीक्षाओं मैं नकल विहीन



परीक्षा सकुशल संपन्न हो इसके लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश नर्सिंग और डिप्लोमा पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षाएं कल जनपद में 2 परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएंगी जिसकी तैयारियों का निरीक्षण किया गया है, सदर एसडीएम रमेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके संबंधित परीक्षा केंद्राध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार से नकल या अन्य प्रकार की कोई समस्या परीक्षा के दौरान न आने पाए, उपस्थित छात्राओं से प्रवेश पत्र के बारे में जानकारी ली गई तो और उनसे किसी भी प्रकार के बारे में समस्या के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कोई समस्या नहीं है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है कल से चार दिवस में यह परीक्षाएं संपन्न होंगी।

## संस्कार भारती सिद्धार्थनगर ने मनाया दीपोत्सव कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। देव दीपावली के शुभ अवसर पर संस्कार भारती





सिद्धार्थनगर द्वारा दीप उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन कार्यक्रम पुरानी नौगढ़ तुलसी घाट (डोमराजा पुल) पर किया गया आयोजित 5100 दीपक जलाकर मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश दत्त त्रिपाठी व प्रान्त उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ संस्कार भारती सिद्धार्थनगर के जिला महामंत्री डॉ० अरुण कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर संरक्षक अरुण कुमार प्रजापति, संरक्षक शंभू नाथ गुप्ता, गोविंद ओझा, अमित कुमार त्रिपाठी, नितेश पाण्डेय, राम शंकर पांडेय, पंकज पासवान, विकास शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, मेराज अहमद, अनिरुद्ध मौर्य, दुर्गेश मिश्रा, बबिता बंका, सविता सिंह, रिचा जायसवाल, पुष्पा बंका, शिवानी सिंह, पूनम शुक्ला आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# कार्तिक पूर्णिमा पे जगह-जगह हुआ मेले का आयोजन

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सिद्धार्थनगर। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर क्षेत्र के कूड़ा नदी,जमुआर नाला और घोंघी नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।लोगों ने गो दान, अन्न दान कर गंगा जी की पूजा अर्चना की। जगह-जगह मेला का भी आयोजन किया गया है। जहाँ पर रात्रि में ही भक्ति संगीत का मंचन किया गया। क्षेत्र के पिठनी घाट, सोहास घाट, अमवा, गनेरा, महदेवा, मुजेहना, कठहा, महुआ घाट, बनहा घाट, रसोयवा घाट आदि पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद लोगों ने अन्न दान, गो दान, दीप दान कर गंगा जी का पूजा अर्चना किया। इसके अलावा जंगली बाबा (शिवजी) के स्थान पर, महुआ घाट, सोहास, गनेरा, कौलपुर ग्रांट, महदेवा, पिठनी घाट, कठहा, बनहा आदि स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जंगली बाबा के स्थान पर, कौलपुर ग्रांट और सोहास में बीती रात ड्रामा पार्टी द्वारा भक्ति संगीत का मंचन किया गया। मेला में सहयोग मुख्यरूप से ग्राम पंचायत सोहास के ग्राम प्रधान श्रीश प्रताप उर्फ सोनू यादव, गनेरा के ग्राम प्रधान चन्द्रजीत जायसवाल, सोहास सुमाली के प्रधान प्रतिनिधि महबूब चौधरी, सोहास जनूबी के ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार गुप्त, महदेवा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वसीम खान, बेलटीकर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिश्चंद्र यादव, रामचन्द्र जायसवाल, समाजसेवी राकेश यादव, अनिल कुमार गुप्त, दिलीप मोदनवाल, सर्वजीत, मोहन शर्मा लोधी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।



## मुख्य नहर घाघर में खुला सोन लिफ्ट का पानी किसानों को थोड़ी राहत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। मुख्य नहर घाघर में किसानों को सिंचाई के लिए धंधरौल बांध से पानी नहीं मिल सका अब सोन लिफ्ट का



पानी देकर किसानों को राहत दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार धंधरौल बांध में पानी कम होने के कारण मुख्य नहर घाघर को धंधरौल बांध से सिंचाई के लिए तो नहीं खोला गया परंतु किसानों की समस्या को देखते हुए सोन लिफ्ट से दो पम्प का पानी खोल दिया गया। है जिससे किसानों को पर्याप्त पानी तो नहीं मिल पाएगा लेकिन थोड़ी सी राहत जरूर मिलेगी। जहां सभी माइनरों और गुलावो में पानी नहीं जा पायेगा कम से कम किसान पंप लगाकर खेतों की सिंचाई तो कर सकते हैं। जिससे पानी के अभाव में फसल सूख रही थी। सोन लिफ्ट का पानी मिलने से किसानों को थोड़ा राहत मिली है। सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार सामन्त ने बताया कि मांग के अनुसार सोन लिफ्ट का दो पम्प खोला गया है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## तस्करों का बढ़ा मनोबल,एसएसबी व पुलिस को गाली देते वीडियो वायरल

### अलीगढ़वा बार्डर का मामला: एसएसबी को रुपये देने का लगा रहा आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कोतवाली के नेपाल सीमा से सटे अलीगढ़वा बार्डर से एक बीडीओ वायरल हुआ है। जिसमे एक तस्कर दूसरे तस्कर के मोबाइल फोन पर एसएसबी वा पुलिस प्रशासन को भद्दी गाली देते हुए रिकार्ड किया गया।वायरल वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार गाली देने वाले युवक नेपाल फरार रहे। तीसरे दिन किस दवाब में आकर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई,खुले में घूम रहे है तस्कर। ऑडियो में एसएसबी के जिम्मेवार अधिकारी का नाम लेकर घूस देने वा लाइन लेने की बात कह रहा है। ये तस्कर भारी मात्रा में खाद की खेप नेपाल पहुचाते हैं। क्षेत्र के किसान परेशान है। खाद की जरूरत पड़ने पर इन्हें मंहगा और दर दर भटकना पड़ता है। नेपाल में भारतीय खाद डीएपी की कीमत दो हजार रुपये में बिकती है। वही यूरिया की कीमत 7 से 8 सौ रुपये में बिकता है। नेपाल के बुलेडीहवा, चाकर चौड़ा में गोदाम बनाया गया है।

## विधानसभा परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह का हेमंत कुमार जायसवाल ने किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका राजा पुलिस पिकेट पर भाजपा नेता हेमंत कुमार जायसवाल ने विधानसभा परिषद सदस्य धर्मेंद्र पाण्डेय का स्वागत किया धर्मेंद्र पाण्डेय के प्रथम आगमन पर उसका बॉर्डर पर भाजपाइयों द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किए वही प्रथम आगमन भारी संख्या में भीड़ भी देखने को मिली उसका बॉर्डर से लेकर पकड़ी तक जगह जगह स्वागत कर बधाई दिया गया। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्याम धनी राही, पूर्व विधायक सतीश दिवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने बॉर्डर पर पहुंच कर स्वागत की। इस दौरान रामेश्वर पांडेय, पवन पांडेय, राहुल पांडेय, जितेंद्र कुमार पांडेय, हेमंत जायसवाल, घनश्याम मिश्रा, सोमनाथ मिश्र, ज्ञानेश्वर पांडेय, राकेश दत्त त्रिपाठी आदि लोग रहे मौजूद।

## श्री मद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। घोरावल नगर स्थित धर्मशाला प्रांगण में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा भक्तियज्ञ का आयोजन किया गया है। सोमवार शाम को कलश यात्रा के साथ के साथ इसका शुभारंभ हो गया। सप्तदिवसिय इस भक्तियज्ञ में वृंदावन धाम मथुरा से पधारे ब्रजरज दास महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय पाठ किया जाएगा। सोमवार को विधि विधान के साथ मंडप पूजा और यज्ञ देवता की पूजा के बाद यज्ञाचार्य ब्रजरज महाराज के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालुगण धर्मशाला के पास स्थित सरोवर पहुँचे। यहां श्रद्धालु महिलाओं एवम पुरुषों ने मन्त्रोच्चारण के बीच 108 कलशों में जल भरा और कलश यात्रा निकाली गई। पुरानी बाजार, मेन तिराहा, दुर्गा मंदिर तिराहा, शिवद्वार मार्ग, राबर्ट्सगंज मार्ग होते हुए कलश यात्रा पुनः यज्ञ मंडप में पहुँची। यज्ञ मंडप में विधि विधान के साथ मंडप प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई और पवित्र कलशों की स्थापना की गई। ब्रजरज महाराज ने बताया कि 8 नवम्बर से 14 नवम्बर तक सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक जगदीश्वर श्रीकृष्ण एवम माँ राधारानी की लीलाओं पर आधारित श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय पाठ, वर्णन और विश्लेषण किया जाएगा। 15 नवम्बर को पूर्णाहुति व भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बजरंग दल के रमेश पांडेय, अशोक कुमार अग्रहरि, विपिन बिहारी, राजकुमार बाबा, आनंद कुमार, राजू उपाध्याय, श्रवण कुमार इत्यादि मौजूद रहे।



बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सर्दियों में भूलकर भी गरम पानी से नहीं धोएं चेहरा, हो सकते हैं ये पांच नुकसान



सर्दियां आते ही हम गरम पानी का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। इससे ठंडे मौसम में आराम मिलता है। कुछ लोग गरम पानी का इस्तेमाल पीने से लेकर मुंह धोने तक हर चीज में करते हैं। इससे उनकी त्वचा को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। आइए आज आपको गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा को होने वाले पांच नुकसानों के बारे में बताते हैं।

गरम पानी से त्वचा जल्दी हो जाती है ड्राई

सर्दियों में ज्यादातर लोगों की त्वचा खुश्क रहती है, लेकिन गरम पानी से मुंह धोने से त्वचा में सामान्य से ज्यादा रुखापन और ड्राईनेस आ जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गरम पानी के इस्तेमाल से त्वचा के नेचुरल ऑयल और प्रोटीन कम हो जाते हैं जो उसे ड्राई होने से बचाते हैं। गरम पानी से मुंह धोने से ज्यादा संवेदनशील त्वचा को स्किन इंफेक्शन होने का खतरा भी रहता है।

चेहरे की चमक और बालों के लिए है हानिकारकः चेहरे की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है, इसलिए कभी–कभी गरम पानी से त्वचा के सेल्स डैमेज हो जाते हैं। चेहरे पर ड्राईनेस और रेडनेस की समस्या होने लगती है। इससे आपकी त्वचा की नेचुरल चमक भी खत्म हो जाती है। इसके अलावा गरम पानी से नहाने से बालों को भी नुकसान पहुंचता है। यह आपके स्कैल्प को रुखा बनाता है और बालों की जड़ों को कमजोर करता है। इससे बाल भी ज्यादा झडने लगते हैं।

चेहरे पर जल्दी आती हैं झुर्रियांः समय से पहले त्वचा पर झुर्रियां आ जाना किसी को भी पसंद नहीं आता। अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो गरम पानी से अपनी त्वचा को बिल्कुल न धोएं। दरअसल, गरम पानी के इस्तेमाल से शरीर में पाया जाने वाला कोलेजन और सीबम कम होने लगता है जिससे त्वचा खराब होना शुरू हो जाती है। अगर शरीर में कोलेजन और सीबम की मात्रा ज्यादा होगी तो एजिंग के निशान देर से आएंगे।

त्वचा पर निशान और जलन का खतराः ज्यादा गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा पर कई तरह के निशान आने भी शुरू हो जाते हैं और खुजली होने लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोमछिद्र ज्यादा खुल जाते हैं। गरम पानी से चेहरे पर रेडनेस भी आने लगती है, जिससे जलन (सनबर्न) जैसा लगने लगता है। इससे आपका चेहरा काफी खराब दिखने लगता है, इसलिए सर्दियों में गरम पानी के इस्तेमाल से बचें।

शरीर में आ जाती है सुस्तीः सर्दियों में गरम पानी से नहाने के बाद शरीर को बहुत आराम महसूस होता है, लेकिन इससे आपका ही नुकसान होगा। दरअसल, गरम पानी से नहाने के बाद शरीर सुस्त हो जाता है और गहरी नींद आने लगती है। अगर आप नॉर्मल पानी से नहाएंगे तो थोड़ी देर के लिए शायद आपको ठंड लगे, लेकिन इससे आप पूरा दिन एक्टिव महसूस करेंगे। इसके अलावा ठंडे पानी से रोजाना नहाने से आपकी गरम पानी की आदत भी छूट जाएगी।

## फिर ढा रही इन्टरनेट पर कहर ब्लैक शिमरी ड्रेस में लग रही बेहद खूबसूरत

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ दिनों से अपनी आने वाली फिल्म डबल एक्सएल को लेकर सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं. सोनाक्षी सिन्हा की यह फिल्म सिनेमाघरो में रिलीज हो चुकी है, पर फिलहाल फिल्म को मिले–जुले कमेंट्स



मिल रहे है. पर इसी बीच सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इन्स्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरे शेयर की है. इन्स्टाग्राम पर सोनाक्षी सिन्हा के इस ब्लैक ड्रेस वाले अवतार को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है. ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में सोनाक्षी सिन्हा अपनी अदाओ से लाखो लोगो को दीवाना बना रही हैं. सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरे शेयर कि है. सोनाक्षी सिन्हा का ये अवतार फिल्म डबल एक्सएल के प्रमोशन का है. अगर सोनाक्षी सिन्हा के इस नए लुक की बात करें तो एक्ट्रेस सोनाक्षी ब्लैक ड्रेस में काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं. ब्लैक शिमरी ड्रेस को पहनने के साथ–साथ सोनाक्षी सिन्हा ने लॉन्ग जैकेट भी डाला हुआ है. एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी दमदार एक्टिंग, स्टाइलिश और बोल्ड अवतार के लिए जानी जाती हैं. सोशल मीडिया पर अक्सर सोनाक्षी सिन्हा के नए–नए अवतार आये दिनों वायरल होते रहते है. अगर सोनाक्षी के इस नए लुक की बात करें तो सोनाक्षी ने ब्लैक ड्रेस के साथ–साथ स्मोकी आई मेकअप कैरी कर कहर ढा रही है खुले हुए बाल और लाइट शेड लिपस्टिक में सोनाक्षी सिन्हा बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं.

## आदिपुरुष की रिलीज टली, अब अगले साल 16 जून को आएगी फिल्म




पहले से चर्चा चल रही थी कि साउथ अभिनेता प्रभास की फिल्म आदिपुरुष की रिलीज डेट टल सकती है। अब मेकर्स ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसे अगले साल 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इसकी रिलीज डेट 12 जनवरी तय की गई थी। फिल्म के वीएफएक्स की लोगों ने काफी आलोचना की थी और इसी को सुधारने के उद्देश्य से इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई है। निर्देशक ओम राउत ने फिल्म की रिलीज टालने को लेकर खुद बयान दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, यह एक फिल्म नहीं है, बल्कि प्रभु श्री राम के प्रति हमारी भक्ति और हमारी संस्कृति व इतिहास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दर्शकों को एक अच्छा विजुअल देने के लिए फिल्म पर काम करने वाली टीमों को अधिक समय की जरूरत है। अब आदिपुरुष 16 जून, 2023 को रिलीज होगी। ओम कहना है कि वह ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने आगे कहा, आपका समर्थन, प्यार और आशीर्वाद ही हमें आगे बढ़ाता है। नई रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही कई फिल्मों से आदिपुरुष का क्लैश टल गया है। साउथ के स्टार थलापति विजय की फिल्म वरिसु और अखिल अक्किनेनी की एजेंट अगले साल मकर संक्रांति के त्योहार पर दर्शकों के बीच आएगी। आदिपुरुष के अलावा अगले साल जून में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में आ रही हैं। शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म जवान 2 जून को रिलीज होगी। इसका निर्देशन एटली ने किया है। आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की ड्रीम गर्ल 2 23 जून को सिनेमाघरों में आएगी। इसके अलावा कार्तिक आर्यन की सत्यप्रेम की कथा 29 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इसमें उनके साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी दिखाई देंगी। आदिपुरुष में प्रभास भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि कृति सैनन माता सीता का किरदार निभाएंगी। अभिनेता सनी सिंह लक्ष्मण की भूमिका में दर्शकों से रूबरू होंगे। इसे कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। भूषण कुमार की टी–सीरीज ने इसे प्रोड्यूस किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे 300 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को अयोध्या में इसका टीजर रिलीज किया गया था। तभी से फिल्म विवादों में बनी हुई है। लोगों ने आदिपुरुष के वीएफएक्स पर सवाल उठाया था। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर फिल्मों को कार्टून बताया था। इसलिए मेकर्स ने वीएफएक्स में बदलाव करने का मन बनाया है। रावण की भूमिका निभा रहे अभिनेता सैफ अली खान की आंखों में काजल और लंबी दाढ़ी देखकर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। सैफ के लुक की तुलना खिलजी से की गई। आरोप लगाया गया कि निर्माताओं ने हनुमान और राम के किरदार को चमड़े की बेल्ट में दिखाया। हाल में आदिपुरुष की रिलीज पर रोक की मांग करते हुए दिल्ली कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हिंदुओं की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मेकर्स के खिलाफ देश के कई हिस्सों में शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं।

## रब से है दुआ में स्क्रीन शेयर करेंगे अदिति शर्मा, करणवीर शर्मा

क्रैश एक्ट्रेस अदिति शर्मा और शौर्य और अनोखी की कहानी फेम करणवीर शर्मा को नए शो रब से है दुआ के लिए साइन किया गया है। यह एक जोड़े की भावनात्मक प्रेम कहानी है, दुआ, अदिति



और हैदर द्वारा निभाई गई, करणवीर द्वारा निबंधित। उनका विवाहित जीवन तब तक सही चल रहा था जब तक हैदर ने उसे यह नहीं बताया कि वह दूसरी महिला से प्यार करता है। दुआ के लिए यह जानना एक दर्दनाक क्षण है कि उसके पति को किसी और से प्यार हो गया है। करणवीर, जिन्हें मंगलम दंगलम में मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा गया था, ने अपने चरित्र के बारे में साझा किया, जो उनके अनुसार पहले की तुलना में काफी अलग है। उनका ऑन–स्क्रीन व्यक्तित्व काफी गंभीर है, जो जटिल परिस्थितियों और संबंधों से घिरा हुआ है। रब्ब से है दुआ में मेरा किरदार पहले की भूमिका से काफी अलग है। हैदर वह है जो अपनी जिम्मेदारियों को बहुत गंभीरता से लेता है और जब से उसके पिता ने उसकी मां को छोड़ा है दूसरी महिला से शादी करने के लिए, तब से वह सभी की जरूरतों को अपने से आगे रखता है। हालांकि, जिन परिस्थितियों में वह दूसरी बार शादी करना चाहता है, वह काफी अनोखी है।रब से है दुआ जल्द ही जी टीवी पर प्रसारित होगा।

## मौसंबी में भरा हुआ है विटामिन– सी, इम्यूनिटी को मजबूत करने की है मानों खदान







मौसंबी का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। क्योंकि मौसंबी कई सारे पोषक तत्व के गुणों से भरपूर होता है। रोजाना मौसंबी का सेवन करने से शरीर में होने वाली कमजोरी की समस्या दूर हो जाती है। शरीर को ताकत देने में मदद करती है। मौसंबी का जूस पीने के बहुत सारे लाभ हैं। तो आइए जानें मौसंबी का जूस पीने से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसंबी का जूस का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद साबित होता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसलिए नियमित रूप से मौसंबी का जूस का सेवन करने से इम्यूनिटी बेहतर होती है। मौसंबी का जूस का सेवन आपकी आंखों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में फायदेमंद होती है। आंखों को स्वस्थ रखने में विटामिन सी अहम भूमिका निभाता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए मौसंबी के जूस का सेवन जरूर करें। एक्सपर्ट्स के अनुसार, त्वचा के लिए मौसंबी का जूस का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होती है। ये आपकी त्वचा को इंफेक्शन से बचाकर रखता है। साथ ही त्वचा को चमकदार भी बनाता है। हड्डियों की समस्या अक्सर बढ़ती उम्र के साथ सामने नजर आने लगती हैं। लोग ऑस्टियोअर्थराइटिस, रुमेटाइड अर्थराइटिस से ग्रस्त हो जाते हैं। ये सभी प्रतिरक्षा कोशिकाओं के कारण टिशूज में इंफ्लेमेशन होने का परिणाम है। विटामिन सी और फोलिक एसिड से भरपूर मौसंबी का जूस हड्डियों को मजबूती देता है और जोड़ों की कार्यक्षमता को सुधारता है। मौसंबी का जूस का सेवन करना पाचन के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है क्योंकि मौसंबी में फ्लेवोनोइड्स गुण पाए जाते हैं जो पाचन में बेहतर बनाने में मदद करते हैं। साथ ही अपच और गैस्ट्रिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करते हैं। इसलिए पाचन संबंधी समस्याओं से दूर करने के लिए मौसंबी का जूस का सेवन जरूर करें।